OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVT. COLLEGE FOR WOMEN PUNHANA (NUH)

OFFICE ORDER

Memo no.:- GCWP/24/58 Dated:- 07/02/2024

In compliance of Memo No. DRCS/PWL/YRC Camp/2023-24/4546 Dated 02-02-2024, Dr. Kavita Yadav is hereby directed to go to SLKS, GCW Salaheri Nuh from 09-02-2024 to 13-02-2024 for District Level Youth Red Cross Training Camp with the following students:

Sr. No.	Name	Roll No.	Class
1	Pooja	1211011002085	B.A IIIrd Yr
2	Neelam	1211011002016	B.A IIIrd Yr
3	Mahima	1211011002015	B.A IIIrd Yr
4	Asha	1211011002010	B.A IIIrd Yr
5	Nainsi	1211011002012	B.A IIIrd Yr
6	Aaliya	1211011002076	B.A IIIrd Yr
7	Koshal	1221011002093	B.A IInd Yr
8	Muskan Gohar	1231038039	B.A Ist Yr
9	Sangeeta	1211011002035	B.A IIIrd
10	Nisha Gohar	1231038041	B.A Ist Yr

Principal
Government College
For Women Punhana
Mewat 122508

PRINCIPAL
GCW Punhana

शिविर में मानवता, स्वास्थ्य, सेवा व मित्रता के बारे जागरूक : डॉ गीतिका

अंतराम खटाना, | ब्यूरो, नूंह :

हरियाणा राज्य रेडक्रास सोसाइटी के सौजन्य व जिला उपायुक्त कम अध्यक्ष धीरेंद्र खडग़टा तथा सचिव देवेंद्र चहल के कुशल मार्गदर्शन में जिला रेडक्रास सोसाइटी द्वारा शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी में आयोजित यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। जिसमें जिले 05 महाविद्यालय पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, बिस्सर अकबरपुर, तावडू व सालाहेड़ी के 90 युवाओं ने हिस्सा लिया। शिविर के विधिवत समापन समारोह की अध्यक्षता जिला रेडक्रास सोसाइटी नूंह के सचिव देवेंद्र कुमार चहल ने की तथा राजकीय महिला महाविद्यालय सलाहेड़ी की प्रधानाचार्या डॉ गीतिका ने बतौर मुख्य अतिथि रेडक्रास के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूना को माल्यार्पण एवम पुष्प अर्पित करते हुए किया। उन्होंने बताया कि किसी भी देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है जिस देश का युवा जागरूक, सुदृढ़ एवं शक्तिशाली होगा वहां देश तरक्की करेगा। रेडक्रास सोसाइटी एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो स्वास्थय, सेवा मित्रता के साथ-साथ मानवता, भेदभाव रहित, सार्वभौमिकता, स्वतंत्र, निष्पक्षता, तटस्थता, एकता, स्वेच्छिक सेवाभाव से तत्पर आमजन में जागरूकता के भाव जगाती है। सचिव देवेंद्र कुमार चहल ने बताया कि शिविर में सभी प्रतिभागियों को रेडक्रास के इतिहास, मानव कल्याणकारी गतिविधियों सडक़ सुरक्षा-जीवन रक्षा, नशा है नाश की जड़, रक्तदान-जीवनदान, एच आई वी/एड्स, हेपेटाइटिस बी, सी, वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, मोबाइल का प्रयोग, दुरुपयोग, नैतिक शिक्षा, युवाओं का समाज के लिए दायित्व, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, जीव रक्षा, फैलने वाली बीमारियों से बचाव, भारत सरकार के 2025 तक टी बी भारत के अभियान को सफल बनाना आदि विषयों पर जागरूक किया गया। प्रशिक्षण के दौरान आत्मविश्वास बढ़ाने तथा शारीरिक विकास हेतु भाषण एवं म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता कराई गई। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय पुनहाना की पूजा प्रथम, आशा द्वितीय, राजकीय महिला कॉलेज की काजल तृतीय एवम पायल को सांत्वना स्थान मिला वहीं म्यूजिकल चेयर रेस में राजकीय कॉलेज बिस्सर अकबरपुर से अंजली प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय पुनहाना से संगीता द्वितीय, राजकीय महाविद्यालय तावडू से आकाश तृतीय रहे। रेडक्रास के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के दौरान सभी प्रतिभागियों के स्वास्थ्य की जॉच कराई तथा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया जिसमे 20 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बेसिक फरूट एड तथा किसी भी दुर्घटना के समय पीड़ित की सांसे न आने पर सीपीआर विधि के द्वारा पुन संचालित करने की प्रयोगतामक विधि का अभ्यास कराया।शिविर के सफल आयोजन में विभिन्न महाविद्यालयों से आए काउंसलर डॉ कविता यादव, डा अदिती भोला, मनिंदर सिंह, शमीम अहमद व जिला रेडक्रास सोसायटी नूंह से सहायक राजेश शर्मा, लिपिक नरेश डागर, आरिफ, रौनक अली व वसीम आदि का सहयोग रहा।